प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य भर में कड़ी सुरक्षा के बीच पूरे उत्साह के साथ हो रहा दुर्गा पूजा का आयोजन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में दुर्गा पूजा के कई पंडालों का किया उद्‌घाटन।
- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा– जीएसटी दरों में कमी आने के बाद खुशी से स्वदेशी सामान बेच रहे व्यापारी, भारत को आत्मनिर्भर बनाने में कर रहे मदद।
- देश भर के सभी स्कूल बोर्डों की दसवीं और बारहवीं की डिग्रियां अब मानी जाएगीं बराबर, सभी बोर्डों की मार्कशीट को उच्च शिक्षा में दाखिले और सरकारी नौकरियों में सामान रूप से मिलेगी मान्यता।
- मौसम विभाग ने दो अक्टूबर तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में हल्के से माध्यम दर्जे की बारिश होने की जताई संभावना, रांची समेत आसपास के कई जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट।
- रांची में आज से शुरू हो रहा चौसठवां चार दिवसीय राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, देश भर के सात सौ से अधिक एथलीट ले रहे हैं हिस्सा।

*******************

राज्य भर में कड़ी सुरक्षा के बीच दुर्गा पूजा का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल शाम रांची में तीन प्रमुख पूजा पंडालों का उद्‌घाटन किया। इधर, रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि पूजा को लेकर कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे चालू है।
इधर, धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा है कि पूजा के अवसर पर जिले में आठ हजार से अधिक सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि उच्चतम एवं उच्च न्यायालय के आदेशानुसार पूरे जिले में डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। इधर, खूंटी जिले के पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने अधिकारियों को पूजा पंडालों और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि देश आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ रहा है। श्री सेठ रांची में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की ओर से विद्युत चालित कुम्हार चाक और इलेक्ट्रीशियन टूल किट वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

*******************

उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा है कि भौगोलिक विविधता से भरपूर झारखंड राज्य में सुपरफूड की असीम संभावनाएं हैं। सचिव नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड पवेलियन लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित और इस महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ जी.एस.टी. बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है।

*******************

देश भर के सभी स्कूल बोर्डों की दसवीं और बारहवीं की डिग्रियां अब बराबर मानी जाएगीं। सभी बोर्डों की मार्कशीट को उच्च शिक्षा में दाखिले और सरकारी नौकरियों में सामान रूप से मान्यता प्रदान की जाएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक सूचना जारी कर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद–एनसीईआरटी को सभी स्कूल शिक्षा बोर्डों में कक्षा 10वीं और 12वीं के प्रमाणपत्रों को समकक्षता प्रदान करने की ज़िम्मेदारी सौंपी है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कल नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की। इसके अलावा उन्होंने पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से भी मुलाकात कर उन्हें नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।

*******************

चतरा जिले के लोगों के लिए इलेक्ट्रॉनिक जन समाधान और लोक सेतु पोर्टल घर बैठे जन समस्या से जुड़ी शिकायतों और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायक साबित हो रहा है।

*******************

मौसम विभाग ने दो अक्टूबर तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में हल्के से माध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है। रांची स्थित मौसम केंद्र के वैज्ञानिकों के अनुसार, आज रांची समेत आसपास के कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा राज्य में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में भी दो डिग्री तक गिरावट होने की संभावना है।

*******************

एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट में सुपर–फोर चरण के अंतिम मैच में भारत ने श्रीलंका को हरा दिया है। अब दुबई में कल प्रतियोगिता के फाइनल में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा।

`*******************

रांची में आज से चौसठवें चार दिवसीय राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की शुरुआत हो रही है। इस प्रतियोगिता में सात सौ से अधिक एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एथलीटों को अगले वर्ष होने वाले एशियाई खेलों के लिए चयनित होने वाली टीम में शामिल किया जाएगा।

*******************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकतर अख़बारों ने बारिश के बीच दुर्गापूजा के आयोजन को अपनी हेडलाइन बनाई है।

प्रभात खबर ने लिखा है – शहर के सभी प्रमुख पंडाल खुले, बारिश के बीच भी भक्तों की कतार

दैनिक भास्कर ने पर्यटन दिवस पर हेडलाइन बनाई है – इको टूरिज्म के तहत विकसित होगा तिलैया डैम, अंतर्राष्ट्रीय स्तर का पर्यटन स्थल बनेगा, केंद्र ने डीपीआर को दी मंजूरी

हिंदुस्तान की लीड खबर है – झारखण्ड की जेलों के लिए 1778 पदों पर होगी भर्ती, जेएसएससी ने विभिन्न पदों के लिए सात नवम्बर से मांगा आवेदन

दैनिक जागरण ने लिखा है – झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, जेटेट से खुलेगा 41 हजार पदों पर सहायक आचार्य नियुक्ति का रास्ता, सम्बंधित प्रस्ताव मुख्यमंत्री के पास

अंग्रेजी अख़बार द टाइम्स ऑफ़ इंडिया ने राज्य के 27 सौ गांव में आज से बीएसएनएल की फोर जी सुविधाओं की शुरुआत को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

************